X 2017

**SET-2**

**Series HRK/2**

कोड नं.
Code No. **4/2/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा – II
# SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# हिन्दी
# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 90*

***निर्देश :*** *(i)* *इस प्रश्न-पत्र के **चार** खण्ड हैं– क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×4=8*

आज जीत की रात पहरुए, सावधान रहना
खुले देश के द्वार अचल दीपक समान रहना ।
प्रथम चरण है नए स्वर्ग का है मंज़िल का छोर
इस जन-मंथन से उठ आई पहली रत्न-हिलोर
अभी शेष है पूरी होना जीवन मुक्ता डोर
क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की विगत साँवली कोर
ले युग की पतवार बने अंबुधि महान रहना
पहरुए सावधान रहना ।

ऊँची हुई मशाल हमारी आगे कठिन डगर है
शत्रु हट गया, लेकिन उसकी छायाओं का डर है
शोषण से मृत है समाज, कमज़ोर हमारा घर है
किंतु आ रही नई ज़िंदगी यह विश्वास अमर है
जनगंगा में ज्वार, लहर तुम प्रवहमान रहना
पहरुए सावधान रहना ।

(क) काव्यांश में किसको सावधान किया गया है और क्यों ?

(ख) 'नहीं मिट पाई दुख की विगत साँवली कोर' का क्या तात्पर्य है ?

(ग) देश की प्रगति के मार्ग को 'कठिन डगर' क्यों कहा गया है ?

(घ) काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए ।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 6 = 12$

मैं सोच रहा हूँ पर ज़फ़र कोई भी बात नहीं सोच रहे हैं । वे अपनी धुन में हैं । वे कंघा चलाते हैं, पर वह नहीं चलता – उलझे बालों में अटक जाता है । ज़फ़र मियाँ बाल सुलझाते हैं और कंघा बढ़ाते हैं । कभी वह झुककर बालों का मिलान देखते हैं, कभी उभारकर, कभी इधर और कभी उधर । एक-एक बाल पर, एक-एक ढलाव पर, एक-एक मिलान पर ज़फ़र की निगाह है, जैसे कोई इंजीनियर किसी पुल के खंभों का मिलान देख रहा हो ।

यों कटिंग पूरी हुई और कैंची को चार बार ताल के साथ खाली ही चुकर-चुकर चलाया, ज़फ़र ने कहा – लो सरकार, कट गए आपके बाल ।

अब उन्होंने उठाया ब्रश और जुटे हज़ामत पर । हज़ामत में भी वहीं तल्लीनता । एक हाथ सीधा, तो एक उलटा और तब यह देखभाल कि कहीं कोई कील तो नहीं रह गई । कील ही नहीं, क़लम से लेकर मूँछों की छँटाई तक के काम उन्होंने पूर्ण सुंदरता से किए ।

बीस मिनट से ज़्यादा मैं ज़फ़र की इस तल्लीनता को देखता रहा । सच यह है कि ज़फ़र उस मज़दूर के बालों में लीन थे और मैं ज़फ़र में । देखते-देखते मैं भावों से भर उठा था, यहाँ तक कि हज़ामत की ऊँची कुरसी पर आने को जब मैं उठा तो इतना भाव-विभोर था कि मैंने ज़फ़र को अपने में दबोच लिया ।

पैसे देकर जब वह मज़दूर चला गया तो मैंने कहा – ज़फ़र मियाँ ! तुम तो उस मज़दूर से ऐसे लिपटे कि जैसे ज़िले का कलक्टर ही तुम्हारी दुकान पर आ बैठा हो ।

ज़फ़र ने जो जवाब दिया, उससे आगरे का पेठा और दिल्ली का सोहन हलवा दोनों फीके पड़ गए । बोले – बाबू जी, मेरे लिए तो जो इस कुरसी पर बैठता है, वही कलक्टर है ।

'हर एक नागरिक में अपने काम के लिए यह चाव, श्रम के प्रति यह श्रद्धा और पेशे के प्रति ईमानदारी के इस भाव का जागरण ही राष्ट्र की जीवनी-शक्ति का सर्वोत्तम मापदंड है ।'

(क) ज़फ़र का क्या व्यवसाय है ? उनके काम की तुलना इंजीनियर से क्यों की गई है ?

(ख) ज़फ़र के बाल काटने के कौशल पर टिप्पणी कीजिए ।

(ग) हज़ामत बनाने में ज़फ़र क्या सावधानियाँ बरत रहे थे ?

(घ) इस कथन में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए :
"तुम तो उस मज़दूर से ऐसे लिपटे कि जैसे ज़िले का कलक्टर हो ।"

(ङ) ज़फ़र के उत्तर में क्या बात थी जिसकी मिठास पर लेखक मुग्ध हो गया ?

(च) राष्ट्र की जीवनी-शक्ति का श्रेष्ठ पैमाना क्या है ?

## खण्ड ख

**3.** पद क्या है ? उदाहरण देकर समझाइए । *1+1=2*

**4.** निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) धनहीन व्यक्ति परिश्रम करके धनी बन सकता है । (मिश्र वाक्य में)

(ख) जो व्यक्ति परिश्रमी है वह पीछे नहीं रह सकता । (सरल वाक्य में)

(ग) चरित्र उत्तम होने के कारण लोग उसकी प्रशंसा करते हैं । (संयुक्त वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) कर्मफल

(ii) सुजन

(ख) निम्नलिखित शब्दों को समस्त-पद बनाकर समास का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) सत् है जो जन

(ii) देश से द्रोह

**6.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : *1×4=4*

(क) हम तो पहले ही कहे थे ऐसा मत करो ।

(ख) बड़ा लोग का आशीर्वाद लेना चाहिए ।

(ग) तुम तुम्हारा काम करो ।

(घ) कवित्री की यह कविता अच्छी है ।

**7.** निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य-प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए : *1+1=2*

ईद का चाँद होना, बाट जोहना ।

## खण्ड ग

**8.** 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश दिया है ? आज के संदर्भ में यह महत्त्वपूर्ण क्यों है ? समझाइए । *5*

**9.** 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि सबसे बड़ा विवेक क्या है ? मनुष्यता के अन्य गुणों को भी समझाइए । *5*

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2+2+1=5*

उसके अफ़साने सुन के राबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं । अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ उसके दिल में किस क़दर नफ़रत है । कोई पाँच महीने हुकूमत की होगी । मगर इस पाँच महीने में वो अवध के दरबार को अंग्रेज़ी असर से बिलकुल पाक कर देने में तक़रीबन कामयाब हो गया था ।

(क) किसके अफ़सानों की बात की गई है ? उसके क्या कारनामे याद आ जाते हैं ?

(ख) वज़ीर अली के दिल में किसके प्रति नफ़रत थी ? उसका क्या प्रभाव पड़ा ?

(ग) गद्यांश में संवाद किनके बीच चल रहा है ?

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) 'गिरगिट' कहानी के आधार पर ओचुमेलॉव के चरित्र की दो विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) 'चाजीन' किसे कहते हैं ? 'झेन की देन' पाठ में चाजीन ने कौन-सी क्रियाएँ पूरी कीं ?

(ग) 'कारतूस' पाठ के आधार पर बताइए कि कर्नल कालिंज का ख़ेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था ।

**12.** (क) बिहारी ने जगत् को तपोवन-सा क्यों माना है ? इससे क्या संदेश मिलता है ? *2*

(ख) 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' कविता में किन भावनाओं को व्यक्त किया गया है ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए । *2*

(ग) 'आत्मत्राण' कविता हमें क्या संदेश देती है ? *1*

**13.** 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि अभिभावक, बच्चों को खेल-कूद में ज़्यादा रुचि लेने पर क्यों रोकते हैं । आज की व्यवस्था में बच्चों की खेल के प्रति सहभागिता और उससे प्राप्त जीवन-मूल्यों पर अपने विचार लिखिए । *5*

## खण्ड घ

14. राशनकार्ड बनवाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों का विवरण देते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को आवेदन-पत्र लिखिए । 5

15. विद्यालय स्पोर्ट्स-क्लब के सचिव की ओर से सूचना-पट्ट के लिए लगभग 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें विभिन्न खेलों में सायंकालीन प्रशिक्षण हेतु विद्यार्थियों के नाम माँगे गए हों । 5

16. निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

(क) स्वतंत्रता-दिवस समारोह

- त्याग, बलिदान का स्मारक
- विभिन्न कार्यक्रम
- संदेश

(ख) सैनिकों के प्रति सद्भाव

- सैनिक देश के रक्षक
- त्याग और शौर्य के प्रतीक
- सैनिकों से प्रेरणा

(ग) पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम

- मानव-जीवन के अंग
- आत्मीयता और सहज स्नेह
- जीवदया-मानवता का संदेश

**17.** देश के अनेक भागों में आई बाढ़ और उससे होने वाली क्षति के बारे में दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**18.** अपने मकान का द्वितीय तल किराए पर उठाने के लिए लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए । *5*